आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पेज 18 बिहार मूल्य ₹ 4.00 | वर्ष 9, अंक 167

## सीआईएमपी और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी का ज्वाइंट सेंटर शुरू

# डेटा एनालिटिक्स और एआई की दी जाएगी ट्रेनिंग

सिटी रिपोर्टर • पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना (सीआईएमपी) और अमेरिका की जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के बीच नई साझेदारी हुई है। दोनों संस्थानों ने मिलकर 'पब्लिक फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी और अकाउंटेबल इंस्टीट्यूशंस' विषय पर एक संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम शुरू किया है।



सीआईएमपी परिसर में आयोजित छह दिवसीय कार्यक्रम में सार्वजनिक नीति और वित्त से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सीआईएमपी-जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी ज्वाइंट सेंटर का शुभारंभ किया गया। यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय केंद्र है, जो सार्वजनिक नीति और वित्त के क्षेत्र में काम करेगा। इसका उद्देश्य संयुक्त शोध, नीति निर्माण में मदद करना और सरकारी अधिकारियों व छात्रों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना है। भविष्य में यह केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और सुशासन जैसे आधुनिक विषयों पर ट्रेनिंग देगा। समापन समारोह में बिहार सरकार की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि देश के विकास के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां और जवाबदेह संस्थाएं महत्वपूर्ण हैं।

जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. चार्ल्स आर हैंकला ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए ऐसी अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को जरूरी बताया। सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग से शिक्षा का स्तर बढ़ता है। 29 प्रतिभागियों को सीआईएमपी और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाणपत्र दिया गया।

Dainik Bhaskar. ! Page N0 - 07 ! Date -20-07-2026

बिहार का नं. 1 अखबार
हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
...म सम्वत् 2079, पटना

# सीआईएमपी : 29 प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र



सीआईएमपी एवं जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी, सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह, जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. चार्ल्स आर हैंकला, कुमोद सिंह ।

पटना। चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) में रविवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह हुआ। सीआईएमपी के सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका के एंड्रयू यंग स्कूल ऑफ पॉलिसी स्टडीज के पब्लिक फाइनेंस रिसर्च क्लस्टर के तत्वावधान में ज्वाइंट सर्टिफिकेट प्रोग्राम करने वाले 29 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एन विजयलक्ष्मी, आईएएस, अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण पर बल दिया।

Hindustan ! Page N0-09 ! Date -20-07-2026

दैनिक जागरण
Published from PATNA • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Lucknow • Meerut • Moradabad • Kanpur • Prayagraj • Ranchi • Varanasi
मिल जाएगा नया पीएम } 10
inext
Max: 34.0°c
Min: 26.0°c
सेंसेक्स 53,

# सीआईएमपी में संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम संपन्न




**PATNA (19 July):** चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान (सीआईएमपी) के सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी और अमेरिका के जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के एंड्रयू यंग स्कूल ऑफ पॉलिसी स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सार्वजनिक वित्त, सार्वजनिक नीति एवं जवाबदेह संस्थाओं पर संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम का समापन प्रमाणपत्र वितरण समारोह के साथ हुआ.

नीति आयोग के सहयोग से चार से नौ जुलाई तक आयोजित 36 घंटे के इस कार्यक्रम में सार्वजनिक वित्त, सुशासन, राजकोषीय प्रबंधन और जवाबदेह संस्थाओं से जुड़े समकालीन विषयों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए.

20/7/26
सिर्फ सच, मसाला नहीं
# राष्ट्रीय सागर


# सीआईएमपी व जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से संयुक्त प्रमाणपत्र का वितरण



■ नीति आयोग के सहयोग से संयुक्त अनुसंधान, कार्यकारी प्रशिक्षण, नीति संवाद तथा क्षमता निर्माण को मिला बढ़ावा

**राष्ट्रीय सागर संवाददाता**

**पटना :** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी तथा जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका के एंड्रयू यंग स्कूल ऑफ पॉलिसी स्टडीज के पब्लिक फाइनेंस रिसर्च क्लस्टर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जॉइंट सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन पब्लिक फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी एंड अकाउंटेबल इंस्टीट्यूशंस का समापन सीआईएमपी परिसर में प्रमाणपत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। नीति आयोग के सहयोग से आयोजित 36 संपर्क घंटों वाले इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु सार्वजनिक वित्त, सार्वजनिक नीति, सुशासन, राजकोषीय प्रबंधन तथा जवाबदेह संस्थाओं से जुड़े समकालीन विषय रहे। सार्वजनिक वित्त एवं सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में यह भारत का अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय संयुक्त केंद्र है, इसका उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान, कार्यकारी प्रशिक्षण, नीति संवाद तथा क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि डॉ. एन. विजयलक्ष्मी अपर मुख्य सचिव योजना एवं विकास बिहार ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि समावेशी एवं सतत विकास के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, संस्थागत जवाबदेही तथा निरंतर क्षमता निर्माण अत्यंत आवश्यक हैं। समारोह का शुभारंभ सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह के स्वागत संबोधन से हुआ। समन्वयक डॉ. देबब्रत सामंत ने कार्यक्रम की रूपरेखा, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रतियोगिताओं तथा अपेक्षित अधिगम परिणामों की जानकारी दी। जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रो. चार्ल्स आर. हैंकला ने मुख्य वक्तव्य देते हुए समकालीन सार्वजनिक नीति चुनौतियों के समाधान में वैश्विक शैक्षणिक साझेदारियों के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह का मुख्य आकर्षण 29 प्रतिभागियों को संयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान किया जाना रहा। सीआईएमपी और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा संयुक्त रूप से जारी इन प्रमाणपत्रों ने प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम के सफल समापन को मान्यता प्रदान की। कार्यक्रम के आयोजन में योगदान देने वाले रिसोर्स पर्सन्स, सहयोगी कर्मियों तथा स्वयंसेवकों को भी प्रशस्ति प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन कुमोद कुमार, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी, सीआईएमपी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

Rashtriya Sagar ! Page N0 -02 ! Date - 20-07-2026

बिहार जागे... देश आगे

प्रभात खबर

पटना । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

सिटी बाइट्स



# सीआइएमपी में 29 प्रतिभागियों को मिला प्रमाणपत्र

**पटना.** सीआइएमपी और अमेरिका की जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के एंड्रयू यंग स्कूल ऑफ पॉलिसी स्टडीज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जॉइंट सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन पब्लिक फाइनेंस, पब्लिक पॉलिसी एंड अकाउंटेबल इंस्टीट्यूशंस" का रविवार को समापन हो गया. सीआइएमपी परिसर में हुए समारोह में 29 प्रतिभागियों को संयुक्त प्रमाणपत्र प्रदान दिये गये. यह 36 घंटे का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम चार से नौ जुलाई तक नीति आयोग के सहयोग से आयोजित किया गया था. समापन समारोह की मुख्य अतिथि बिहार सरकार के योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी (आईएएस) ने कहा कि बिहार के समावेशी और सतत विकास के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, संस्थागत जवाबदेही और निरंतर क्षमता निर्माण अत्यंत आवश्यक है. मौके पर पर सीआइएमपी और जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के केंद्र की औपचारिक शुरुआत भी हुई. सार्वजनिक वित्त और सार्वजनिक नीति के क्षेत्र में यह भारत का अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय संयुक्त केंद्र है.